# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (04.02.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 04.02.2025, PAGE-06**

### स्वयम पोर्टल पर निबंधित होंगे बीआरएबीयू के छात्र

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के छात्र स्वयम पोर्टल पर निबंधित होंगे। यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों को इसके लिए पत्र भेजा है। स्वयम पोर्टल पर पढ़ाई करने वाले छात्रों का परीक्षा में क्रेडिट भी जोड़ा जायेगा। इसका निर्देश भी यूजीसी ने दिया है।

स्वयम पोर्टल पर पढ़ाने के लिए शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जायेगा। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को भेजे पत्र में कहा है कि स्वयम पोर्टल पर सभी छात्रों को निबंधित किया जाना है। नई शिक्षा नीति में इसे अनिवार्य किया गया है। नई शिक्षा नीति में स्वयम पोर्टल मील का पत्थर साबित होगा। छात्रों को इससे आनलाइन पढ़ाई करने में फायदा मिलेगा। यूजीसी ने कहा है कि अप्रैल और मई 2024 में स्वयम पोर्टल के प्रति जागरूकता लाने के लिए सभी राज्यों में एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया था।

- यूजीसी ने जारी किया विश्वविद्यालय को निर्देश
- स्वयम पोर्टल पर पढ़ाने के लिए शिक्षक भी किए जाएंगे प्रशिक्षित
- पोर्टल से ऑनलाइन पढ़ाई का लाभ उठा सकेंगे विद्यार्थी



**पढ़ाई को आसान बनाएगा पोर्टल**

यूजीसी ने कहा है कि नई शिक्षा नीति के तहत स्वयम पोर्टल छात्रों की पढ़ाई को आसान बनाने में काम आयेगा। यूजीसी ने कहा है कि सभी विश्वविद्यालय पीजी और कॉलेजों में चलने वाले स्नातक कोर्स के छात्रों का स्वयम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएं। इस वर्ष स्वयम पोर्टल पर कई नये कोर्स लांच किये गये हैं। इनमें इतिहास से जुड़े कई कोर्स शामिल हैं।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:04.02.2025, PAGE-07**

### बीआरएबीयू के प्रशासनिक भवन में कुलपति ने की पूजा

बीआरएबीयू के प्रशासनिक भवन में सरस्वती पूजा हर्षोल्लास के साथ हुई। यहां मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई और उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने प्रतिमा की स्थापना की। मौके पर रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण, डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह, प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय, सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान, प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार, डॉ. अमर बहादुर शुक्ला, डॉ. रेणुबाला, डॉ. श्वेता प्रियदर्शिनी, प्रो. कुसुम कुमारी आदि मौजूद रहीं।



बीआरएबीयू के प्रशासनिक भवन में नवस्थापित मां सरस्वती की पूजा करते कुलपति।

- मां सरस्वती को पुआ, खीर, लड्डू और फलों का लगाया गया भोग
- गरीबनाथ मंदिर में सुबह से देर शाम तक चलता रहा दर्शन पूजन

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE : 04.02.2025, PAGE-04



विश्वविद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करते कुलपति व अन्य

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 04.02.2025, PAGE-04

# विवि में स्थापित हुई मां सरस्वती की प्रतिमा





प्रशासनिक भवन में पूजा-अर्चना करते कुलपति व अन्य.

**मुजफ्फरपुर** . बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आने वाले छात्र-छात्राओं को अब ज्ञान की देवी सरस्वती के भी दर्शन होंगे. सोमवार को बसंत पंचमी के दिन पूरे विधि-विधान से सरस्वती प्रतिमा स्थापित की गयी. कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय मंत्रोच्चार के बीच सभी अनुष्ठान पूरे किये. आचार्य अश्वनी कुमार मंगलम मुख्य पुरोहित थे, जबकि पंडित आलोक कुमार पांडेय और अक्षय कुमार दुबे सहयोगी के रूप में मौजूद रहे. इससे पहले 26 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर स्थित अंबेडकर पार्क में 100 फीट का तिरंगा फहराया गया. वहीं प्रशासनिक भवन के गोलंबर स्थित मुख्य पिलर पर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गयी है, जिसका सोमवार को पट खुला. मौके पर कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा, कुलानुशासक प्रो. बीएस राय, डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान, गौरव, अजय कुमार, दीपेंद्र भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे.

## विवि परिसर में दिनभर रहा उत्सव का माहौल

विश्वविद्यालय परिसर स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी सहित सभी पीजी हॉस्टलों में सरस्वती पूजा को लेकर उत्सव का माहौल बन गया है. निर्धारित मुहूर्त में पूरे विधान से सरस्वती प्रतिमाओं का पट खुला. इस दौरान छात्र-छात्राओं ने खूब जयकारा भी लगाया. इसके साथ ही दिनभर प्रतिमाओं के दर्शन व पूजन-अर्चन के लिए छात्रों सहित अन्य शहरवासियों की भीड़ लगी रही.